
नर सेवा

नारायण सेवा






**गंगोत्री धाम में सोसाइटी के 10वें चिकित्सालय का उद्घाटन**



# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी

# मासिक वृतांत

मई 2022 | संस्करण 3 | अंक. 2

# उल्लेखनीय गतिविधियां




**4 मई**

## गंगोत्री धाम में सोसाइटी के 10वें चिकित्सालय का उद्घाटन समारोह




पूजनीय श्री माता मंगला जी और श्री भोले जी महाराज एवं डॉ कृष्ण गोपाल जी (सह सरकार्यवाह, RSS) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में सम्मिलित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में श्री महेंद्र जी (क्षेत्रीय प्रचारक, RSS) श्री युद्धवीर जी (प्रान्त प्रचारक, RSS), श्रीमती विजयलक्ष्मी जी (श्री आदि नारायण राजू जी की सुपुत्री), डॉ एस के वर्मा (अध्यक्ष SVHM सोसाइटी), श्री हरीश सेमवाल जी (अध्यक्ष श्री पांच मंदिर समिति गंगोत्री) एवं श्री सुरेश सेमवाल जी (सचिव श्री पांच मंदिर समिति गंगोत्री) आदि शामिल थे।



श्री आदि नारायण राजू जी

भाग्यनगर, तेलंगाना के 93 वर्षीय प्रसिद्ध अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता श्री आदि नारायण राजू जी ने गंगोत्री धाम चिकित्सालय के निर्माण में अपना प्रमुख योगदान दिया है । 24x7 कार्यरत, आईसीयू सुसज्जित व ऑक्सीजन की सुविधा वाले 12 बेड सहित इस चिकित्सालय में नियमित ओपीडी के अतिरिक्त डिजिटल एक्स-रे, ईसीजी और लैब जांच जैसे सुविधाएं भी उपलब्ध हैं ।



स्वामी बोधानंद जी,
डंडी क्षेत्र, उत्तरकाशी

## कार्यक्रम में सोसाइटी से जुड़े चिकित्सकों व अन्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया





गंगोत्री धाम चिकित्सालय स्टाफ



कार्यक्रम हेतु पधारते हमारे विशिष्ट अतिथिगण

# उल्लेखनीय गतिविधियां



## श्री केदारनाथ धाम और श्री बद्रीनाथ धाम स्थित चिकित्सालयों को तीर्थ यात्रियों के सेवार्थ हेतु पुनः आरंभ करने से पूर्व हमारे आराध्यों से आशीर्वाद हेतु पूजन व कृपा याचना

**2 मई** — **श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय**





**7 मई** — **श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय**







## "समर्पण और सेवा"

तीर्थ यात्रियों एवं स्थानीय समुदाय के चिकित्सीय आवश्यकताओं हेतु सतत प्रयत्नशील

## हमारे चार धाम स्थित चिकित्सालयों के आंकड़े

| | श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय | श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय | गंगोत्री धाम चिकित्सालय |
|---|---|---|---|
| पंजीकरण | 6181 | 27440 | 4037 |
| इमरजेंसी | 500 | 3102 | 356 |

## 24 मई: महिला स्वास्थ्य शिक्षा सत्र



जागरूकता सत्र

**साधना केंद्र आश्रम, डुमेट, विकासनगर में स्वास्थ्य शिक्षा सत्र:**

डॉ. ताराश्री सिंघल, वरिष्ठ सोनोलॉजिस्ट, धर्मावाला चिकित्सालय द्वारा बाबा भूमनशाह विद्या मंदिर के शिक्षिकाओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्तन व ग्रीवा कैंसर के कारण, लक्षण एवं बचाव से सम्बंधित एक जागरूकता सत्र लिया गया।

सत्र में मासिक धर्म से जुड़े मिथकों को दूर किया गया और साथ ही महिलायों को होने वाले रोग से सम्बन्धित कई प्रश्नों का उत्तर भी दिया गया।



प्रश्नोत्तर सत्र

# उल्लेखनीय गतिविधियां

## विशेष आगन्तुक

### 8 मई — गंगोत्री धाम चिकित्सालय



श्री चतर सिंह चौहान, SDM, भटवाडी एवं नोडल अधिकारी, चार धाम यात्रा ने गंगोत्री धाम स्थित चिकित्सालय का भ्रमण कर कहा कि चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाएं उत्कृष्ट है। उन्होंने हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया ।

### 28 मई — श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय




श्री पराग देसाई, कार्यकारी निदेशक, वाघ बकरी टी ग्रुप ने चिकित्सालय का भ्रमण किया और इतने ऊँचाई वाले स्थान पर सोसाइटी के निस्वार्थ कार्य और स्टाफ का समुदाय एवं रोगियों के प्रति सेवा भाव देखकर बहुत प्रसन्न हुए। उन्होंने चिकित्सालय में वाघ बकरी टी ग्रुप की तरफ से श्रद्धालुओं के लिए चायपत्ती दान स्वरुप भेंट की।

### 18 मई — श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय




डॉ सरोज नैथानी (निदेशक, MH & FW, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड)

**डॉ सरोज नैथानी द्वारा दी गई प्रतिक्रिया**



I had the privilege to visit "Swami Vivekanand Charitable Hospital" at Shri Kedarnath ji Dham at Base Camp at an altitude of 11,000 feet.

I Salute the Team for the dedication n' Spirit with which they are "Serving Before Self" "Thy Brothers n' Sisters" Selflessly.

Very technically arranged ICU (2 Bed) n' 4 Beds for all the other Emergency. Fully functional Pathology, Pharmacy with approx 200 Varieties including a list of 30 approx life saving Drugs, A digital X-ray, Computerized ECG Machine.

What Could we Ask. God Bless all.

18th May 2022
3.57 pm

Dr Saroj Naithani
Director MH & FW UK NHM

## श्री केदारनाथ धाम और श्री बद्रीनाथ धाम स्थित चिकित्सालयों में श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क चिकित्सा के साथ नि:शुल्क चाय और बिस्कुट सेवा



देखने के लिये यहाँ क्लिक करें https://youtu.be/s79q0RSkNpU

**श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय**







देखने के लिये यहाँ क्लिक करें https://youtu.be/8G96J3x4aLk

प्रतिक्रिया सुनने के लिए के लिये यहाँ क्लिक करें https://youtu.be/PTHVhHON09s

**श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय**

# सामुदायिक चिकित्सा शिविर

## हरिद्वार, धर्मावाला एवं पेटशाल

शिविर **31**
लाभार्थी **3259**

## हरिद्वार



4 मई
भीमगोड़ा गाँव



12 मई
भोगपुर गाँव



5 मई
जयपोता गाँव



11 मई
रानी माजरा गाँव



16 मई
हद्दिपुर गाँव



23 मई
भोगपुर गाँव



18 मई
तेलीवाला गाँव



20 मई
फेरुपुर गाँव



25 मई
मनुबांस गाँव



27 मई
डालूवाला खुर्द गाँव

## धर्मावाला



11 मई
जुड्डो गाँव



25 मई
हथियारी गाँव

## पेटशाल



30 मई
पालौली गाँव

## पेटशाल



31 मई
हरदा गाँव

**इन चिकित्सा शिविरों का उद्देश्य चिकित्सालय तक आने में असमर्थ व सामाजिक एवं आर्थिक रूप से अशक्त और वंचित वर्ग को चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है।**

# रविवारीय मल्टी डिसिप्लिनरी और सुपर स्पेशियलिटी शिविर

## हरिद्वार

**शिविर: 4**
**लाभार्थी: 708**


डॉ मुकेश कुमार झा,
न्यूरोलॉजिस्ट, नई दिल्ली


डॉ पी के सिंह,
त्वचा रोग विशेषज्ञ, रुड़की


डॉ संदीप सुपेहिया,
एंडोक्रिनोलॉजिस्ट, नई दिल्ली


डॉ ओम प्रकाश सिन्हा,
हृदय रोग विशेषज्ञ, नई दिल्ली


डॉ नितिन कुमार,
फिजिशियन, देहरादून


डॉ नितिन वर्मा,
गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, हरिद्वार


डॉ अनिल भट्ट,
नेफ्रोलॉजिस्ट, नोएडा


डॉ देवेंद्र,
यूरोलॉजिस्ट, नोएडा


डॉ आशीष भूषण,
ईएनटी सर्जन, नोएडा


डॉ नवीन अग्रोही,
हड्डी रोग विशेषज्ञ, रुड़की


डॉ संदीप कुमार बंसल, MS, जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जन,
फरीदाबाद और डॉ विजय त्यागी, एनेस्थेटिस्ट, देहरादून


डॉ आलोक कुमार,
त्वचा रोग विशेषज्ञ, रुड़की


डॉ विक्रम भारद्वाज,
ईएनटी सर्जन, नोएडा


डॉ अभिसार कटियार,
हड्डी रोग विशेषज्ञ, नोएडा


डॉ योगेश साठे,
बाल हृदय रोग विशेषज्ञ, पलवल


डॉ अनुराग वत्स,
आयुर्वेदिक चिकित्सक, हरिद्वार


डॉ अतुल खंडेलवाल,
यूरोलॉजिस्ट, सोनीपत


डॉ अनिल शर्मा,
नेत्र सर्जन, अम्बाला

# रविवारीय मल्टी डिसिप्लिनरी और सुपर स्पेशियलिटी शिविर

## धर्मावाला

**शिविर: 5**

**लाभार्थी: 1937**



प्रो (डॉ) एस. के. बख्शी
फिजीशियन, मुजफ्फरनगर



डॉ नीरज सारस्वत
नेत्र सर्जन, देहरादून



डॉ तेजस्वी अग्रवाल,
स्पाइन सर्जन, देहरादून



डॉ राम अनुग्रह,
त्वचा रोग विशेषज्ञ, बस्ती



डॉ विपुल अग्रवाल,
हड्डी रोग विशेषज्ञ, आगरा



प्रो (डॉ.) सागर लावानिया,
मनोचिकित्सक, आगरा



डॉ वरुण कुमार अग्रवाल,
सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, आगरा



डॉ गौरव धाकरे,
न्यूरोसर्जन, आगरा



डॉ सौरभ सिंह (दाईं ओर),
फिजिशियन, आगरा

**ऑपरेशन: 13 (यूरो )**



डॉ विकास बंसल और डॉ देवप्रिया, यूरोलॉजिस्ट, दिल्ली



डॉ सौम्या भारती,
फिजिशियन, आगरा



धर्मावाला डॉक्टरों के साथ स्वैच्छिक सेवाभावी डॉक्टरों की टोली

# मल्टी स्पेशियलिटी शिविर

## पेटशाल

**ऑपरेशन शिविर: 1**
**ऑपरेशन: 5**

**शिविर: 2**
**लाभार्थी: 97**



डॉ पंकज सोलंकी, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन और
डॉ विनय धर्मवीर, एनेस्थेटिस्ट, दिल्ली



डॉ दीपक भट्ट,
हड्डी रोग विशेषज्ञ, रुद्रपुर



डॉ ऋचा चौधरी,
त्वचा रोग विशेषज्ञ, दिल्ली



डॉ नीलाम्बर भट्ट, जनरल फिजिशियन
एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ, हल्द्वानी

# सामुदायिक महिला स्वास्थ्य कार्यक्रम

## धर्मावाला

### एनीमिया की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम



- कुल सम्पर्क किये गये घर: 447
- कुल फॉलोअप विजिट: 977
  [ रेगुलर: 818 (94%); अनियमित: 158 (16%); ड्राप आउट: 1 (0.1%)]
- पूरी तरह स्वस्थ लाभार्थी: 159
- वर्तमान में उपचाराधीन लाभार्थी: 578

### My Pad (Menstrual Hygiene) कार्यक्रम



- My Pad लाभार्थियों की संख्या: 31
- परामर्श सत्र में भाग लेने वाली महिलाओं की संख्या: 217

### स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम



- परामर्श सत्र में भाग लेने वाली महिलाओं की संख्या: 82

# उत्कृष्ट उदाहरण (उनमें से कुछ चुनिन्दा)



यद्यपि हमारे धाम स्थित चिकित्सालयों द्वारा लगभग 4000 से अधिक इमरजेंसी रोगियों का सफलतापूर्वक उपचार किया गया और प्रत्येक की अपनी अलग कथा है, लेकिन हम कुछ चुनिन्दा की ही कहानियों को साझा कर रहे हैं जो की हृदय-स्पर्शी है ।

## श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय

6 मई



रोगी की प्रतिक्रिया सुनने के लिये यहाँ क्लिक करें

https://youtu.be/qgPRYoNws9c

- एक 60 वर्षीय महिला तीर्थयात्री अपनी यात्रा के दौरान खच्चर के पैर से लात लगने के कारण लगभग 250 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गई।
- इतनी ऊँचाई से गिरने पर भी श्री केदार बाबा के आशीर्वाद से महिला बच तो गई पर उसके सिर और दोनों पैरों पर चोट लगने के कारण उन्हें गंभीर हालत में हमारे चिकित्सालय लाया गया।
- रोगी को तुरंत आईसीयू में स्थानांतरित कर उपचार शुरू कर दिया गया व साथ ही सिर पर 27 टांके भी लगाये गए ।
- रोगी की सतत मोनिटरिंग की गई जिससे उसके बीपी और spo2 में सुधार हुआ और वह खतरे से बाहर आ गई ।

24 मई



- मध्य प्रदेश की एक 62 वर्षीय महिला तीर्थयात्री को ठंड के साथ तेज बुखार, सांस लेने में तकलीफ और असामान्य व्यवहार की शिकायत के साथ गंभीर हालत में हमारे चिकित्सालय में लाया गया।
- रोगी का BP बहुत कम था, SpO2 56% और तापमान 106.8 F था।
- रोगी को तुरंत आईसीयू में स्थानांतरित कर दिया गया और क्रिटिकल केयर और आपातकालीन दवाओं के साथ ऑक्सीजन सपोर्ट भी दिया गया।
- रोगी की सतत मोनिटरिंग की गई जिससे कुछ ही घंटों में उसके BP और SpO2 में सुधार हुआ और वह खतरे से बाहर आ गई।

- दिल्ली से 4 युवा महिला तीर्थयात्रियों के एक समूह ने जिन तम्बुओं में अपना पड़ाव बनाया हुआ था वो अत्यधिक हिमपात के कारण गिर गया जिससे सभी को चोटें आयी और साथ ही हिमपात और न्यूनतम तापमान में भी बाहर भी रहना पड़ा ।
- दुर्घटना के बारे में सूचना प्राप्त होते ही हमारे चिकित्सालय के स्टाफ खराब मौसम की परवाह किये बगैर व कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए घटनास्थल पर पहुंचे और चारों तीर्थयात्रियों को हमारे चिकित्सालय में लेकर आए । एक महिला जो की चलने में असमर्थ थी उसे हमारे स्टाफ गोद में उठाकर लेकर आए।
- सभी तीर्थयात्रियों को चोटें आई थी और उनके शरीर का तापमान भी कम हो गया था (हाइपोथर्मिया) ।
- चारों को तुरंत गर्म वातावरण में रखा गया साथ ही आवश्यक उपचार दिया गया और स्थिति में सुधार होने के पश्चात छुट्टी दे दी गई।

26 मई



देखने के लिए यहाँ क्लिक करें

https://youtu.be/BWSL0Ik3wBE

- एक 59 वर्षीय महिला तीर्थयात्री मंदिर के दर्शन को जाते समय असंतुलित होकर गिर गयी जिस कारण उसके बाएँ हाथ में गंभीर चोट लग गयी।
- बाएँ हाथ में अत्यधिक पीड़ा और सूजन की तकलीफ के साथ रोगी को चिकित्सालय में लाया गया।
- एक्स-रे कराने पर पता चला कि उसके बाएं हाथ की हड्डी टूट गई है।
- टूटी हुई हड्डी पर प्लास्टर लगाया गया और हालत स्थिर होने के बाद उसे छुट्टी दे दी गई ।

27 मई






# उत्कृष्ट उदाहरण (उनमें से कुछ चुनिन्दा)



## श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय

20 मई



- तीर्थयात्रा के दौरान सांस लेने में कठिनाई, सीने में दर्द और सिरदर्द जैसी शिकायतों के साथ 72 वर्षीय मुंबई के एक तीर्थयात्री हमारे चिकित्सालय में आये।
- उनको तुरंत भर्ती कर आवश्यक उपचार दिया गया और सतत मोनिटरिंग भी की गई, जिससे उनकी स्वास्थ्य में काफी सुधार हुआ।
- रोगी के परिजनों ने चिकित्सालय की पूरी टीम और साथ ही सोसाइटी के प्रति भी अपना आभार व्यक्त किया और उन्होंने आगे कहा कि यह चिकित्सालय तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों के लिए संजीवनी की तरह कम कर रहा है। उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि इस दुर्गम स्थान और ऊँचाई पर ऐसी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

31 मई



रोगी की प्रतिक्रिया सुनने के लिये यहाँ क्लिक करें https://youtu.be/YyIrs2q9u6k

- मध्य प्रदेश के ग्वालियर के रहने वाले एक वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ को तेज सरदर्द, गर्दन में दर्द और ऑक्सीजन लेवल कम होने की शिकायत के साथ आधी रात को होटल के कर्मचारियों द्वारा गंभीर हालत में हमारे में चिकित्सालय लाया गया ।
- उन्हें तुरंत ही ऑक्सीजन सपोर्ट और अन्य उपचार पर रखा गया व सतत मोनिटरिंग की गई । स्थिति में सुधार होने के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।
- स्वयं 2 चिकित्सालयों के स्वामित्व वाले यह चिकित्सक हमारे चिकित्सालय के स्टाफ की सेवा भावना, उपलब्ध सुविधाएँ, उपकरण, दवाएं इत्यादि से अत्यधिक प्रभावित हुए और सोसाइटी द्वारा इतनी उचाई पर इतना बढ़िया चिकित्सालय चलाने की लिए हृदय से आभार व्यक्त किया ।
- उन्होंने किसी भी समय अपनी स्वैच्छिक सेवाएं देने की इच्छा भी जताई ।

## गंगोत्री धाम चिकित्सालय

7 मई



- 40 वर्षीय महाराष्ट्र निवासी एक महिला श्रद्धालु पिछले 2 दिनों से उलटी – दस्त और कमजोरी की शिकायत के साथ हमारे चिकित्सालय में आई ।
- डिहाइड्रेशन होने के कारण वह बेहोशी की हालत में चली गयी और उसके SpO2 एवं बीपी में भी लगातार कमी होती जा रही थी । वह Acute Gastroenteritis से भी पीड़ित थी । रोगी के परिजन काफी चिंतित व रो रहे थे ।
- महिला का आवश्यक उपचार किया गया, हमारे स्टाफ ने उनके परिजनों का ढांढस बढ़ाया व हालत स्थिर होने पर छुट्टी दे दी गई ।

8 मई



- गोरखपुर निवासी 48 वर्षीय एक महिला तीर्थयात्री को हमारे चिकित्सालय में सांस लेने में तकलीफ, चक्कर और बेचैनी की शिकायत के साथ गंभीर हालत में लाया गया।
- उसका SpO2 70% से भी कम था और उसे Acute Mountain Sickness की तकलीफ हो गई थी।
- रोगी को तत्काल ऑक्सीजन दी गई और अन्य उपचार प्रदान किया गया।
- चिकित्सा सुविधा मिलने के बाद उसकी हालत में सुधार आने लगा ।

## हरिद्वार चिकित्सालय

22 मई





"हिप जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी" की टीम: डॉ ज्ञानेश्वर टोंक, मेरठ, डॉ नवीन अग्रोही, रुड़की और डॉ प्रियांक अग्रवाल, नोएडा, ऑर्थोपेडिक सर्जन एवं डॉ सुधी, एनेस्थेटिस्ट, रुड़की।


### 22 मई : एक सफल "हिप जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी" आयोजित करके हासिल किया गया एक और मील का पत्थर


- रुड़की की मलिन बस्ती का रहने वाला 23 वर्षीय एक श्रमिक की 2 वर्ष पूर्व हुई दुर्घटना में दाहिने कूल्हे की हड्डी में फ्रैक्चर होगयी थी जिसके कारण उसे hip joint replacement की आवश्यकता थी ।
- अशक्त वर्ग से होने के कारण इस महंगे ऑपरेशन का व्यय उसकी पहुंच से बाहर था और वह इस कष्ट तो पीड़ित ही था तथा उसकी आजीविका भी बंद हो गई थी।
- संयोग से यह हमारे चिकित्सा शिविर में आया जहाँ से हमारे एक स्वयंसेवक द्वारा उसे चिकित्सालय में लाया गया ।
- सोसाइटी के हमारे एक दान दाता के सहयोग से उसका hip joint replacement सफलतापूर्वक किया गया और उसे पुन: से अपने पैरों पर चलने के लिए स्वस्थ कर दिया ।

# आंकड़े




केवल धर्मावाला और हरिद्वार चिकित्सालयों में उपलब्ध सुविधाएं

अल्ट्रासाउंड सुविधा केवल धर्मावाला, हरिद्वार एवं पीपलकोटी चिकित्सालयों में उपलब्ध है।
TIFFA (स्तर II) स्कैन धर्मावाला एवं हरिद्वार चिकित्सालय में उपलब्ध है।

| चिकित्सालय | सर्जरी (145) | |
|---|---|---|
| | मेजर | माइनर |
| धर्मावाला | 66 | 22 |
| नारायणकोटी | 0 | 8 |
| बड़कोट | 0 | 28 |
| पेटशाल | 4 | 2 |
| हरिद्वार | 13 | 2 |
| कुल | 83 | 62 |

सर्जरी में शामिल हैं: सामान्य, महिला रोग, यूरो, स्पाइन, ई.एन.टी., ऑर्थो और दन्त

| | |
|---|---|
| सी टी स्कैन | 286 |
| यूरोफ्लोमेट्री | 28 |
| एंडोस्कोपी | 26 |
| ईको (ECHO) | 11 |
| ऑडियोमेट्री | 12 |
| मनोवैज्ञानिक परामर्श | 540 |
| जीवन शैली से सम्बंधित विकार | 243 |
| मानसिक रोग (मनोरोग जाँच एवं परामर्श, मनोचिकित्सा सत्र) | 68 |
| मनोरोग ओ.पी.डी. (Tele + In Person) | 128 |
| ऑपरेशन से पहले एवं ऑपरेशन के बाद | 101 |

नोट: उपरोक्त सुविधाएं केवल धर्मावाला चिकित्सालय में उपलब्ध हैं

| चिकित्सालय | लैब टेस्ट | इमरजेंसी | एक्स रे | ई सी जी | प्लास्टर |
|---|---|---|---|---|---|
| धर्मावाला | 8327 | 220 | 1194 | 299 | 54 |
| मनेरी | 90 | 4 | 35 | 1 | 4 |
| नारायणकोटी | 433 | 40 | 167 | 37 | 21 |
| बड़कोट | 547 | 10 | 327 | 22 | 62 |
| पीपलकोटी | 676 | 109 | 124 | 42 | 11 |
| बद्रीनाथ | 1442 | 500 | 278 | 185 | 11 |
| पेटशाल | 566 | 33 | 142 | 12 | 14 |
| केदारनाथ | 523 | 3102 | 88 | 58 | 90 |
| हरिद्वार | 3022 | 123 | 437 | 210 | 16 |
| गंगोत्री | 336 | 356 | 53 | 41 | 6 |
| डुमेट | 50 | NA | NA | NA | NA |
| कुल | 16012 | 4497 | 2845 | 907 | 289 |

| 61064 | 145 | 4497 | 2845 | 1579 | 16012 |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजीकरण | सर्जरी | इमरजेंसी | एक्स-रे | अल्ट्रासाउंड | लैब जाँच |

नर सेवा नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी

For Domestic Donations

**Account details:**

**Swami Vivekanand Health Mission Society**
**A/C No: 32584491256**
**IFSC Code: SBIN0010626**
**Branch Name: CST Herbertpur, Dehradun**

आपका अमूल्य दान




एक वरदान

Contact us :

svhmuk@gmail.com

Visit us :

svhmuk.in
twitter.com/svhmuk/
facebook.com/svhmu/
instagram.com/svhmuk/

सभी दान आयकर अधिनियम, *1961* की धारा 80G के तहत कर-मुक्त हैं।



धर्मावाला, देहरादून



मनेरी, गंगोत्री मार्ग



नारायणकोटी, केदारनाथ मार्ग



बड़कोट, यमुनोत्री मार्ग



पीपलकोटी, बद्रीनाथ मार्ग



श्री बद्रीनाथ धाम, चमोली



पेटशाल, जागेश्वर धाम मार्ग



श्री केदारनाथ धाम, रुद्रप्रयाग



हरिद्वार



गंगोत्री धाम, उत्तरकाशी



साधना केंद्र आश्रम, डुमेट, देहरादून

> "स्वार्थ त्यागो, सहयोग करो : बड़े-बड़े कार्य केवल स्वार्थ त्यागने से ही होते हैं. काम करो, सहयोग करो। पहिए पर जा लगो, उस पर अपने कंधे लगा दो।"
>
> -स्वामी विवेकानन्द।